ऐ मेरे श्याम तू ही सहारा है भजन लिरिक्स

पार करोगे मेरी ये नैया,
ऐ मेरे श्याम तुम बनके खिवैया,
ऐ मेरे श्याम तू ही सहारा है,
बिगड़ी किस्मत को तूने ही संवारा है,
ऐ मेरे श्याम।bd।

तर्ज – जाने क्यों लोग।

साँचा है तेरा नाम,
बन जाते बिगड़े काम,
कोई याद करे है तुझको,
मिल जाते सारे धाम,
हारे का सहारा है,
श्याम तो हमारा है,
तेरी एक दया से चलता,
बाबा मेरा गुज़ारा है,
दीन दुखियों का अपने भक्तों का,
मेरे सरकार तू पालनहारा है,
ऐ मेरे श्याम तु ही सहारा है।bd।

सज धज कर बैठा है,
कलयुग का अवतारी,
निर्धन को सेठ बनाता,
हर ले विपदा सारी,
रींगस में धाम तेरा,
प्यारा तू श्याम मेरा,
मीरा और नरसी ने भी लिया,
हर पल है नाम तेरा,
मस्ती में तेरी मगन ये होकर,
झूमे जग सारा नाम ले ले कर,
ऐ मेरे श्याम तु ही सहारा है।bd।

मोरछड़ी हाथों में,
लीले की असवारी,
झोली तू सबकी भरता,
ऐसा है लखदातारी,
[illegible]

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी उपलब्ध हैं, मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दासी पुरानी हूँ,
आई हूँ तेरे दर पे लिए,
आँखों में पानी हूँ,
नाम तेरा ये द्वार तेरा ये,
शीश के दानी सबसे प्यारा है,
ऐ मेरे श्याम तु ही सहारा है।bd।

पार करोगे मेरी ये नैया,
ऐ मेरे श्याम तुम बनके खिवैया,
ऐ मेरे श्याम तू ही सहारा है,
बिगड़ी किस्मत को तूने ही संवारा है,
ऐ मेरे श्याम।bd।

Singer & Writer – Princy Goyal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com